WATCH DOG WATCHDOG
NBT
नवभारत टाइम्स
www.navbharatgold.com

अरशद वारसी पर SEBI ने लगाया बैन ▸p10

दिल का दौरा पड़ने के बाद मेरी एंजियोप्लास्टी हुई: सुष्मिता ▸p12

आईआईए भवन में तीन दिवसीय एक्सपो का आगाज

एक्सपो में दिखा ईवी का आकर्षण

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने उद्घाटन करने के साथ ही आयोजन की सराहना की।

■ **एनबीटी, लखनऊ**

गोमतीनगर स्थित आईआईए भवन में गुरुवार को तीन दिवसीय सोलर एवं ई-वीकल एक्सपो का उद्घाटन डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। इस दौरान परिवहन मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदने वालों को रोड टैक्स, पंजीकरण में छूट और सब्सिडी का लाभ मिल रहा है। एक्सपो में तमाम ऐसे तमाम प्रॉडक्ट्स हैं जो आकर्षण का केंद्र हैं। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं से जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन करवाने पर आईआईए के पदाधिकारी को सराहा।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए सोलर एनर्जी का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा करना होगा। इसके साथ ही ईवी के उपयोग से डीजल और पेट्रोल की बचत के साथ ही पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से निर्माता कंपनियों में प्रतिस्पर्धा आएगी। जिससे बेहतर उत्पाद तैयार होंगे और लोगों को ज्यादा विकल्प मिल सकेंगे। डिप्टी सीएम ने एक्सपो में सर्वोटिक पावर सिस्टम्स लिमिटेड इंडिया कंपनी के स्टॉल की भी शुरुआत की। आईएएस मनोज कुमार सिंह (एपीसी, आईआईडीसी) ने एक्सपो की सराहना की। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय एक्सपो के पहले दिन वर्किंग डे होने के बावजूद काफी संख्या में लोग पहुंचे। एक्सपो में 14 राज्यों की 70 कंपनियों के 125 स्टाल लगे हैं। इस मौके पर आईआईए के महासचिव दिनेश गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज सिंघल, एक्सपो के चेयरमैन तारिक हसन नकवी, सर्वोटिक के संस्थापक व एमडी रमन भाटिया, आलोक अग्रवाल, अलकेश सोती, मनीष गुप्ता मौजूद रहे।